प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–19.06.2023 (सं0–319)

सइबर अपराध के विरुद्ध कार्रवाई।		
1.	गोपालगंज / साइबर थाना	**24 घंटे में साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई राशि पीड़ित के खाते में वापस करायी गई ।** ➢ दिनांक 15.06.2023 को साइबर थाना, गोपालगंज में आवेदक रमोध पटेल उर्फ तेजनारायण का आवेदन प्राप्त हुआ जिसके अनुसार उनके खातें से **UPI के माध्यम से 20 हजार रुपया की निकासी कर ली गई है, साइबर थाना के द्वारा त्वरित कर्रवाई कर 24 घंटे के भीतर दिनांक–16.06.2023 को आवेदक के खाते में वापस कराया गया।**
2.	बेगूसराय / रेल पटना साइबर थाना	➢ दिनांक–15.06.2023 को रेल पटना साइबर थाने में शिव कुमार राम थाना भगवानपुर जिला बेगूसराय के द्वारा आवेदन दिया गया कि पटना से बरौनी जाने के लिए ये जब टिकट काउण्टर पर गये तो एक युवक के द्वारा उन्हें झाँसे में लेकर **उनके मोबाइल का पासवर्ड तथा पिन पता कर 500 रुपये तथा उनके बैग और मोबाइल लेकर भाग गया।** ➢ यद्यपि घटना में लूटी गई अत्यन्त कम थी किन्तु अपराध तो अपराध है पुलिस ने गम्भीरता से लेते हुए **काण्ड में लिप्त अभियुक्त की गिरफ्तार के साथ साथ 12 घण्टों के भीतर** उनके गिरोह का उद्भेदन कर **07 व्यक्तियों को गिरफ्तार** किया। ये सारे व्यक्ति सीतामढ़ी जिले के हैं तथा **शातिर साइबर अपराधी** है। ये लोग विभिन्न शहरों में जाकर साइबर अपराध की घटना कारित करते हैं। वादी के **चोरी गये मोबाइल के साथ 05 मोबाइल तथा वादी का चोरी गया बैग रिकवर** कर लिया गया।